# कार्यालय प्राचार्य, श्री कल्याण राजकीय कन्या महाविद्यालय, सीकर

(Email- ggcsikar@gmail.com Ph. Number 01572 242800 )

क्रमांकः श्रीकराकमसी / स्था / 2022 / 585 दिनांकः-- 04/08/22

## विज्ञप्ति

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के पत्र क्रमांक एफ 1 ( ) विद्यासम्बल / आकाशि / गे.फै. / दिशानिर्देश / 21 / 81 दिनांक 14.07.2022 एवं वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक प. 6(2) वित्त / सा.वि.ले.नि. / 2021 दिनांक 30.03.2021 की अनुपालना में महाविद्यालयों में अध्ययन व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा "विद्या सम्बल योजना" के अन्तर्गत निम्न विषयों में अनुभवी / योग्य व्यक्तियों को गेस्ट फैकल्टी के रूप में परिपत्र के बिन्दु संख्या 4 (क) में वर्णित स्तर से बिन्दु संख्या 5 में वर्णित देय मानदेय पर बजट की उपलब्धता की शर्त के अध्याधीन आवेदन दिनांक 18.08.2022 सांयकाल 5.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। पात्र अभ्यर्थी मूल आवेदन व्यक्तिशः या डाक द्वारा प्रेषित कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् व्यक्तिशः या डाक से प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। इस हेतु महाविद्यालय शिक्षा सेवा नियम 1986 में सहायक आचार्य के पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यताधारी अभ्यर्थी आवेदन करें। अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष होगी। आमंत्रित शिक्षकों से केवल कालांश के आधार पर अध्यापन कार्य करवाया जावेगा। उपरोक्त व्यवस्था पूर्णरूप से अस्थायी तथा एक सेमेस्टर या एक सत्र के लिए है तथा भविष्य में इसका व्यवस्था के आधार पर नियमित नियुक्ति हेतु दावा नहीं किया जा सकेगा। विद्यासम्बल योजना के अन्तर्गत अभ्यर्थियों का चयन व अध्यापन हेतु आमंत्रण माननीय न्यायालय के आदेश / निर्देश के अनुरूप होगा। गेस्ट फैकल्टी से निर्धारित शपथ पत्र भरवाकर लिया जावेगा। आवेदन पत्र का प्रारूप, न्यूनतम योग्यता, शर्तों, शपथ पत्र आदि से संबधित अन्य जानकारी महाविद्यालय के पोर्टल

https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcsikar पर देखें।

| क्र. सं. | महाविद्यालय का नाम | विषय का नाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री कल्याण राजकीय कन्या महाविद्यालय, सीकर | व्यावसायिक प्रशासन, ई.ए.एफ.एम. |
| 2 | राजकीय महाविद्यालय लोसल | अंग्रेजी साहित्य, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र |
| 3 | राजकीय कन्या महाविद्यालय फतेहपुर | हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, इतिहास, राजनीति विज्ञान , समाजशास्त्र, भूगोल, लोक प्रशासन |

प्राचार्य / नोडल प्राचार्य
श्री कल्याण राजकीय कन्या महाविद्यालय, सीकर

Scanned with CamScanner